तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,23 मार्च 2024

13 लोकसभा चुनावः पड़ोसी राज्यों से जुड़ी सीमाओं की



14 पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता में अल्पना ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी की एससी मोर्चा जिला के जिला अध्यक्ष अमित कुमार बजीदपुर ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की जिसमें अंबाला शहर के मनदीप अटकान को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्ति की है। मनदीप अटकान छात्र जीवन से ही एबीवीपी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं। अपने छात्र जीवन के दौरान 2011 से एबीवीपी से जुड़े जिसके बाद छात्र संगठन एबीवीपी में कई पदों पर काम किया है।

### टूटी सड़कों के कारण हो रहे हादसे

**अंबाला।** छावनी की अधिकतर सड़कों की दयनीय स्थिति को देखते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि टूटी व गड्ढों वाली सड़कों के कारण हर रोज कहीं न कहीं दुर्घटनाए हो रही हैं। प्रशासन का रवेया ऐसा है कि एक काम को अधूरा छोड़कर दूसरा कार्य शुरु कर दिया जाता है। प्रशासन के गलत रवये व योजना के बिना किए गए कार्यों के कारण हल्के मे आगे दौड़ पीछे छोड़ की व्यवस्था हो रही है।

### गलत दवा लेने से महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन सुमन निवासी पुंडरी जिला करनाल की मौत हो गई। सुमन की घर पर तबीयत बिगड़ गई थी। उसने गलती से दूसरी दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसे एलर्जी हो गई। हालात ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे पानीपत में देवी मंदिर के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले पहुंचे। जहां इलाज के दौरान सुमन मौत हो गई। महिला के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही की और पोस्टमार्टम के बाद सुमन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना दम

**पानीपत।** स्वर्णीय दिनेश प्रधान की याद में और श्री श्याम बाबा चुलकाना धाम के मेले के उपलक्ष्य में हर साल की तरह श्री श्याम बाबा दंगल कमेटी व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कन्या पाठशाला चुलकाना में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें उमेद ठेकेदार ने 11 हजार रुपए, सुरेश डाडोला ने 11 हजार रुपए व बिल्लू चुलकाना ने 11 हजार दिए। वहीं बिल्लू चुलकाना ने बताया की वह अपने स्व.भाई दिनेश प्रधान की याद में हर साल दंगल का आयोजन करवाते हैं। इस मौके पर सुरेश उर्फ बिल्लू, सुरेश डाडोला, उमेद ठेकेदार, मोनू फौजी आदि प्रमुख रूप से लोग मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवकों ने महिला टीचर से छीना पर्स

यमुनानगर। जगाधरी के पटरी मौहल्ला में बाइक सवार युवकों ने महिला टीचर का पर्स झपट लिया। पर्स में आई फोन, स्कूल के दस्तावेज व 400 रुपये थे।

### दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कुरुक्षेत्र में बवाल, सीएम आवास घेरने पहुंचे

# पुलिस से भिड़े आप वर्कर्स, बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास, पुलिस ने किया बल प्रयोग, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बेरिगेड्स तोड़ने का प्रयास करते प्रदर्शनकारी व एलएनजेपी अस्पताल में उपचाराधीन घायल। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के सेक्टर-3 स्थित निवास पर दो बार बेरिकेडस तोड़ने का प्रयास किया।

- आप कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए सीएम आवास के सामने बेरिकेडस लगाए गए थे

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को मौके से खदेड़ दिया। लाठीचार्ज व पानी की तेज बौछार के कारण 41 प्रदर्शनकारी घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आप प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता का भी एलएनजेपी अस्पताल से उपचार करवाया गया। डा. सुशील गुप्ता के पांव में चोट आई है जबकि अनुराग ढांडा के सिर में गहरी चोट लगी है। प्रदर्शन में भाग लेने आए शाहाबाद के त्यौडी निवासी सोनू वाल्मीकि की टांग टूट गई। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास का घेराव करने का ऐलान किया था। प्रदर्शन के मध्यनजर पुलिस ने सीएम आवास के समक्ष बेरिगेटस लगाकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की हुई थी। दोपहर लगभग एक बजे आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता व प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने वर्करों को बेरिगेट्स तोड़ने का आदेश दिया तो मौके पर माहौल तनावपूर्ण बन गया। प्रदर्शनकारी बेरिगेड के ऊपर चढ़ गए और धक्का देकर बेरिगेड्स हटाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों को सीएम आवास तक जाने से रोकने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया और बल प्रयोग किया। जिसमें दर्जनभर प्रदर्शनकारी घायल हो गए। आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से अपील की कि वे घायल वर्करों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाए। आधा घंटा तक घायल प्रदर्शनकारियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं पहुंची तो सुशील गुप्ता ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि पांच मिनट में एंबुलेंस नहीं आई तो दोबारा से बेरिगेडस को तोड़ा जाएगा। एंबुलेंस नहीं पहुंचने से प्रदर्शनकारियों ने करीब 2 बजे फिर से बेरिगेड्स तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए फिर से वाटर कैनन का इस्तेमाल किया ।

#### कई पुलिस कर्मी भी जख्मी हुए

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया मौके पर पहुंचे और उन्होने कहा कि वीडियो देखकर सारे मामले की जांच की जाएगी। एसपी ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए पथराव के कारण कई पुलिस कर्मी भी जख्मी हुए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान इस प्रकार का प्रदर्शन करना उचित नही है। सीएम हाऊस पर प्रदर्शन करने को एसपी भौरिया ने गलत ठहराया।

# अवैध शराब और बीयर से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी

### पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांव छिछड़ाना अनाज मंडी गेट के पास नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा। पिकअप से अवैध 108 पेटी देसी शराब, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर बरामद हुई।

- 108 पेटी देसी शराब, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर बरामद

एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान छिछड़ाना गांव के अड्डे पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की पंकज निवासी गांव शिमला गुजरान व सचिन निवासी माधव बिहार एक पिकअप गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जींद जिला के कस्बा सफीदों की तरफ जाएगे। टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए छिछड़ाना अनाज मंडी गेट के पास नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात गांव छिछड़ाना की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने इशारा कर गाड़ी को रूकवाया। पूछताछ में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक ने अपनी पहचान पंकज पुत्र सोमदत निवासी गांव शिमला गुजरान व कंडक्टर सीट पर बैठे युवक ने सचिन पुत्र सीताराम निवासी देशरी समस्तीपुर बिहार हाल किरायेदार झट्टीपुर के रूप में बताई। पिकअप गाड़ी को चेक करने पर भारी मात्रा में अवैध शराब व बीयर की पेटियां मिली। एक्साइज इंस्पेक्टर विकास सिंह की मौजूदगी में शराब को गाड़ी से नीचे उतारकर गिनती की तो 108 पेटी देशी शराब मार्का रसीला संतरा, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर की पाई गई। पुलिस टीम ने दोनों युवकों को बरामद शराब व बीयर का लाईसेंस व परमिट दिखाने को कहा तो आरोपी मौके पर कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।

#### गांव में अवैध तस्करी करने के लिए ले जा रहे थे

सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह उक्त शराब व बीयर को पानीपत सेक्टर 25 में स्थित एल-1 व एल-13 से लोड कर सींक गांव में ठेके पर अवैध तस्करी करने के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने बरामद अवैध शराब व बीयर को कब्जा पुलिस में लेकर थाना मतलौडा में एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# सकारात्मक कार्य प्रणाली सफलता की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परूथी विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए।

पीसीसी एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है एवं मंच का डर समाप्त होना, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर बच्चों ने यह साबित कर दिखाया की डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। वहीं पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज पीसीसी एकेडमी में छोटे बच्चों के साथ-साथ ज्यादातर संख्या में बच्चे ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट हैं जिसमें उनके पास डिग्री तो है परंतु वह डिग्री से उनको नौकरी नहीं मिल पा रही जब वह इंटरव्यू देने जाते हैं अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण या आत्मविश्वास की भावना की कमी के कारण वह कॉन्फिडेंस के साथ नहीं बोल पाते जिससे उनको नौकरी मिलना मुश्किल हो जाता है आज पीसीसी एकेडमी में यह सभी महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं वह अंग्रेजी भाषा को सीख कर अपना मुकाम हासिल कर रही है। वहीं एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता में काफी एवं मनीषा प्रथम व द्वितीय स्थान पर अंजू एवं तृतीय स्थान पर आशा रही। जबकि कार्यक्रम में सिमरन पलक काजल रितु रवि अंकुश केशव आदि उपस्थित रहे।

# बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए चलाया अभियान

### शहर में घूम रहे दर्जन भर गोवंशों को पकड़कर पहुंचाया गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के वार्ड 16 से बेसहारा गोवंशजों को पकड़कर वाहन में चढ़ाते निगम कर्मी।

- गिम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर गोवंशों को पकड़ा

शहर में बेसहारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने वार्ड नंबर 16 की विभिन्न कॉलोनियों से दर्जन भर गोवंश पकड़कर गोशाला में पहुंचाए।

बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। शुक्रवार को एसआई सुशील के नेतृत्व में गठित सुपरवाइजर रणबीर, हरिदास, विजय दिनेश, सुरेंद्र व अन्य कर्मियों की टीम बेसहारा गोवंशों को पकड़ने जोन दो के वार्ड नंबर 16 में पहुंची। टीम ने यहां हरबंसपुरा कॉलोनी, आईटीआई सब्जी मंडी समेत विभिन्न स्थानों से 12 बेसहारा गोवंशों को पकड़ा। निगम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर गोवंशों को पकड़ा। इसके बाद उन्हें निगम के वाहन में चढ़ाया। गोवंशों को पकड़ने के बाद उन्हें श्री गौशाला कमेटी मटका चौक जगाधरी में पहुंचाया गया। सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि कोई गोवंश खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उन्हें शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई बेसहारा पशु दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर पते या लोकेशन समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे। निगम की टीम को तुरंत मौके पर भेजकर बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया जाएगा।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 5.75 लाख ठगे

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर छह के क्षेत्र में स्थित संतर नगर निवासी विक्रम राणा विदेश जाने की चाहत में ठगी का शिकार हो गया। विक्रम साउथ कोरिया से लौटा था। अब यूरोप जाने की इच्छा हुई तो जानकारों से संपर्क किया। जिन्होंने उससे 5 लाख 75 हजार रुपए ले लिए। उसे न यूरोप भेजा और न ही रुपए वापस लौटाए। इधर, सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में विक्रम राणा ने बताया कि वह साउथ कोरिया में रहता है। वहां उसका दोस्त सन्नी मोहम्मद मलिक निवासी पेहवा साथ में ही काम करता था। जब विक्रम वापस भारत आया, तो उसकी दोबारा विदेश जाने की इच्छा हुई। उसने सन्नी मोहम्मद मलिक से बात की तो उसने विष्णुनंद गिरजापति उपाध्याय निवासी रोड नंबर 16 बाघले इस्टेट थाने मुंबई से बात करवाई। उसने यूरोप जाने के लिए 5 लाख 75 हजार रुपए रुपए नवंबर 2023 में ट्रांसफर कर दिए। उक्त व्यक्ति ने उसे एक माह में विदेश भेजने के लिए कहा था। लेकिन समय कई महीनों का बीत गया, उसे विदेश नहीं भेजा गया। इसके बाद वह आनाकानी करने लगा। फोन का भी जबाब देना बंद कर दिया।

# वर्क परमिट दिलाने के नाम पर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पुलिस ने कबूतरबाजी का केस दर्ज किया

तीन युवकों को वर्क परमिट पर विदेश भेजने के नाम पर 3.80 लाख रुपए हड़प लिए। शातिर एजेंट ने 3 भाइयों को फर्जी वीजा थमाया था। एयरपोर्ट पर पहुंचे तो पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है। गांव रायवाली निवासी जगदीश चंद ने पुलिस को शिकायत सौंपी है कि उसके बेटे और भतीजे को विदेश भेजना चाहता था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि अगस्त 2023 में फेसबुक के माध्यम से दिल्ली के एजेंट राहुल से मुलाकात हुई थी। बातचीत करने पर आरोपी ने कहा था कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता हूं। उसने आरोपी की बात में आकर अपने बेटे अजय कुमार व 2 भतीजे राहुल व स्वर्ण सिंह को सिंगापुर भेजने की सवा-सवा लाख में डील की थी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसे आश्वासन दिया था कि तीनों लड़कों को मैं विदेश भेज दूंगा। एजेंट राहुल ने उसके बेटे के दस्तावेज सिंगापुर के लिए लगाए। आरोपी ने सिंगापुर का एग्रीमेंट व ऑफर लेटर भी दियालेकिन बाद में कहा कि वर्क परमिट नहीं मिला। बाद में एजेंट ने तीनों लड़कों को आर्मीनिया भेजने के लिए अप्लाई किया। आरोपी ने एग्रीमेंट,ऑफर लेटर वीजा भी दिया। वे एक दिसंबर 2023 को दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंच गए। यहां हिमेश कुमार मिला, जिसको उन्होंने 3 लाख कैश दिया। आरोपी एजेंट राहुल के कहने पर 80 हजार फिर कैश दिया। जब विदेश भेजने का समय आया तो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी घायल

**यमुनानगर।** यमुना नदी पुल गांव कलानौर के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गांव उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के गांव धीर माजरा निवासी हितेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 40 वर्षीय विकेश अपनी पत्नी रूबी के साथ बाइक पर किसी काम से यमुनानगर आ रहे थे। जब वह गांव कलानौर के पास यमुना नदी पुल पर पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने विकेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मुआयना

### अंबाला छावनी में 20 एकड़ में सिविल इन्कलेव बनाया जा रहा

# एयरफोर्स स्टेशन के पास बन रहे सिविल इन्कलेव भवन का क्षेत्रीय निदेशक ने किया अवलोकन, अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



सिविल इन्कलेव का अवलोकन करते हुए क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य अधिकारी।

- इसके बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चेक इन और चेक आउट किया जाएगा

अंबाला छावनी में एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक बन रहे सिविल एन्कलेव भवन के निर्माण कार्य का शुक्रवार को ब्यूरो ऑफ सिविल एविलेशन सिक्योरिटी के क्षेत्रीय निदेशक वेद प्रकाश ने अवलोकन किया। इस मौके पर उनके साथ एयरफोर्स के सिक्योरिटी ऑफिसर विंग कमांडर के साथ-साथ सिविल एविवेशन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक वेद प्रकाश ने मॉडल के माध्यम से सिविल इनक्लेव भवन के साथ-साथ किए जा रहे अन्य जो कार्यों की भी जानकारी ली। अवलोकन के दौरान एयरफोर्स के सिक्योरिटी ऑफिसर विंग कमांडर श्रीवास्तव से उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से जो मापदंड हैं एवं कार्य किए जा सकते हैं उसके बारे भी उनसे चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि जो भी सुरक्षा की दृष्टि से मापदंड तय होंगे उसके अनुसार यहां पर सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के लिए यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी तथा उसके साथ-साथ जो रनवे का प्रयोग किया जाएगा उसके बारे में भी बातचीत की। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल ने बताया कि 20 एकड़ में सिविल इन्कलेव बनाया जा रहा है। इसके बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चेक इन और चेक आउट किया जाएगा। इसके उपरांत उन्हें बस के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन के अंदर हवाई पट्टी के पास ले जाया जाएगा। उड़ान भरने के लिए अंबाला एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। इस मौके पर उडय़न विभाग से अमरजीत सिंह गिल, दलजीत सिंह, एमएस दुहन, कार्यकारी अभियंता इलेक्ट्रिकल विंग नवीन राठी भी मौजूद रहे।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। संकल्य दिवस कार्यक्रम में शिकरत करते हुए विभिन्न संगठनों के नेतागण।

संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के आह्वान पर एसकेएम के राष्ट्रीय आह्वान पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत की पूर्व संध्या पर शहीद भगत सिंह स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए और उनकी कुर्बानियों को याद कर देश के अंदर तानाशाही राज खत्म करने और लोकतंत्र बचाने की मांग को लेकर संकल्प दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तालमेल कमेटी के जिला संयोजक भाकियू के पूर्व प्रधान जयकरण कादियान ने की। संचालन सह संयोजक सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त ने किया। ऐटक राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए देश के अंदर से तानाशाही खत्म करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसान मजदूर संगठन के कार्यकताअरं संकल्प के रूप में शपथ दिलाई। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल, सीटू जिला सचिव जय भगवान, किसान सभा से गुलाब सिंह पट्टीकल्याण, सीटू कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा, नरेंद्र सिंह, का.पवन सैनी एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, सनोवर राणा, शीशपाल तोमर, देशराज , राजपाल राठी व ईश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी21 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी करीब सात माह पहले रिशु घई से दोस्ती हुई थी। इस दौरान आरोपी उसे कई बार घुमाने के बहाने से अपने साथ लेकर गया। आरोपी उसे एक होटल में लेकर जाता था। जहां पर आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मेधावी छात्राएओं को किया पुरस्कृत

पानीपत। आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाली होनहार छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष भी कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा नौवीं में 184 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनका परिणाम इस प्रकार रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति से अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, वाइस चेयरमैन सीए कमल किशोर, मैनेजर अरुण आर्य, कैशियर नरेश गर्ग ने सभी अध्यापिकाओं तथा बच्चों को बधाई।

### कोलाज मेकिंग में मनीषा प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में मैथमेटिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान मनीषा, इंदिरा गांधी (पीजी) महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान पर सुमेधा, आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद, मरकंडा व तृतीय माधवी मित्तल, कॉलेज, पलवल रहे। विजयी छात्राओं को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अनाज मंडियों में व्यापक प्रबंध करने के निर्देश

# प्रदेश में सरसों की 26 मार्च और गेहूं की खरीद एक अप्रैल से होगी

मंडियों में आने वाली फसल खरीद को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों को बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

जिला सचिवालय में एसडीएम राजेश पुनिया ने रबी की फसल खरीद को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अनाज मंडियों में व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में सरसों की खरीद 26 मार्च व गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि मंडी में सरसों व गेहूं बेचने आने वाले किसानों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रबी फसलों की खरीद के लिए प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला में सरसों की खरीद के लिए जगाधरी अनाज मंडी मे व्यवस्था की गई है जबकि गेहूं खरीद के लिए 13 मंडियां है। उन्होंने बताया कि जिला में हैफेड, हरियाणा वेयर हाऊस व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित नियमानुसार फसल की खरीद की जाए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं के लिए 2275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में फसल खरीद के लिए जो मापदंड निर्धारित किए गए हैं उन्हें सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाए ताकि किसानों को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए ताकि फसल उठान में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मापदंडों का उपयोग करते हुए किसानों की फसल को व्यवस्थित तरीके से खरीदना संबंधित विभाग व एजेंसी की जिम्मेदारी है और वे इसे बखूबी निभाएं।

**बैठक मैं रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसडीएम बिलासपुर देवेंद्र शर्मा, एसडीएम रादौर जयप्रकाश, डीएमईओ ईश्वर राणा, हैफेड के डीएम शीश पाल गौरी, कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्मा राम गोदारा, हरियाणा वेयर हाऊस के डीएम पीके गुप्ता, एफसीआई के मैनेजर हीरा लाल साहू, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# 100 से अधिक लोगों की हुई नेत्र जांच

- कालेश्वर महादेव मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हुआ शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** गांव बापा में आयोजित नेत्र जांच शिविर में जांच करवाते ग्रामीण।

कालेश्वर महादेव मानव सेवा ट्रस्ट हरियाणा व प्रिया चैरिटेबल आई हॉस्पिटल रादौर के सहयोग से निशुल्क आई चेकअप शिविर का आयोजन प्राचीन मैदानेश्वर महादेव शिव मंदिर बापा में किया गया। इस दौरान 100 से अधिक लोगों की जांच की गई। शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत आने वाले मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन करने बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कालेश्वर महादेव मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि आजकल नेत्र रोग जैसे सफेद मोतिया, काला मोतिया, आंखों में धुंधलापन आना, आंखों से पानी बहना, जलन होना आदि बहुत बढ़ गए हैं। इसलिए हमें समय-समय पर अपनी आंखों की जांच जरूर करवानी चाहिए। संस्था द्वारा लगाए गए नेत्र जांच शिविरों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। शाखा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने व संस्था का सहयोग करने के लिए प्रिया चैरिटेबल आई हॉस्पिटल रादौर की पूरी टीम, ग्राम पंचायत बापा, सरपंच परमजीत सिंह पम्मा व समस्त ग्राम वासियों का नेत्र जांच शिविर में आने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महंत प्रीतम दास महाराज, कोमल कुमार व मनोज कुमार सैनी आदि मौजूद थे।

# सूने घर से नकदी व आभूषण चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 45 हजार रुपये, सोने व चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की कांसापुर स्थित भगवती कॉलोनी निवासी जय श्री ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक मकान दुर्गा गार्डन कॉलोनी में है। जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ रहता है। 18 मार्च को वह अपनी पत्नी को साथ लेकर अपने दूसरे मकान भगवती कॉलोनी में चला गया था। देर शाम जब वह अपने दुर्गा गार्डन कॉलोनी वाले घर में आया तो उसने देखा कि मकान का लगा ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर घर से 45 हजार रुपये, सोने की अंगूठी, दो मंगलसूत्र, बालियां, सोने के चार लॉकेट, एक जोडी पायल, एलईडी व कैमरा व हार्ड डिस्क गायब थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**क्वार्टर से गेहूं व लोहे का सामान चोरी**

पवन कुमार ने बताया कि वह पशु चिकित्सालय में वीएलडीए के पद पर नौकरी करता है। 18 मार्च को जब वह अपने क्वार्टर पर आया तो वहां दरवाजा खुला पड़ा था। जांच करने पर क्वार्टर में रखी गेहूं की टंकी खाली थी। जिसमें से चोरों ने करीब तीन क्विंटल गेहूं तथा दूसरे क्वार्टर से लोहे का सामान चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रेरक अभियान मीट का आयोजन

- एमएसएमई से संबंधित योजनाओं की दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की ओर से जीआरआईपी. युवा, परिप्रेक्ष्य उद्यमी के लिए औद्योगिक प्रेरक अभियान मीट का आयोजन किया गया। माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज.डेवलपमेंट व फैसिलिटेशन ऑफिस (एमएसएमई.डीएफओ), करनाल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ करनाल के सहायक निदेशक सतपाल ने महत्वाकांक्षी व्यापारिक नेताओं के लिए आवश्यक विषयों पर प्रकाश डाला। सतपाल ने एमएसएमई पहल और संबंधित योजनाओं को समझाकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। अनिल कुमार ने एमएसएमई जैसे सरकारी समर्थन और प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी दी। जिन्हें अक्सर सरकार से तरजीही उपचार व प्रोत्साहन मिलता है। जिसमें सब्सिडी, कर लाभ, क्रेडिट सुविधाएं, लाइसेंस व परमिट प्राप्त करने में सहायता शामिल हैं। यह क्षेत्र एमएसएमई क्षेत्र में शामिल होकर उद्यमियों और व्यवसायों के लिए कई लाभ प्रदान कर सकता है। मौके पर शशि शर्मा, प्रिंसीपल डॉ.अश्वनी ढींगरा आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

- देश और प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री कंवर पाल।

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने शुक्रवार को जगाधरी स्थित अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को फोन करके लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 10 साल में प्रदेश में विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए है और प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने एवं जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं को लागू कर प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शुमार किया है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश और प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, विकसित हरियाणा की दिशा में डबल इंजन की सरकार आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ रहा है। खासकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में देश एवं प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं से बहनों को सुगमता के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। जो देश और प्रदेश को विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगा। वर्तमान में भाजपा की सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गोर् और क्षेत्रों का बिना किसी भेदभाव एवं पूर्वाग्रह के आधार पर एक समान विकास किया जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी आधारित शासन प्रणाली है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग,भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व जिला आईटी सेल के सह संयोजक पीयूष गोगियान आदि मौजूद थे।

# प्रश्नोत्तरी में अक्षय बना क्विज मास्टर

- एमएलएन कॉलेज रादौर में हुआ प्रश्नोत्तरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता प्रो.नीतू कांबोज, प्रो.पिंकी रानी व प्रो.जयचंद की देखरेख में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बीकॉम फाइनल का अक्षय क्विज मास्टर चुना गया। प्रतियोगिता में अंकित, खुशी व वंशिका की टीम ने पहला, आंचल, शगुन व शिखा की टीम ने दूसरा तथा सिद्धार्थ, फिरंगी व मोयना की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लें।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

- शिविर में लोगों को स्वास्थ्य, आर्थिक साक्षरता और अटल भू-जल योजना के बारे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के स्वयं सेवक लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक करते हुए।

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत गांवों में शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य, आर्थिक साक्षरता और अटल भू-जल योजना के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने गांव मांड़खेडी की टपरियों में स्वास्थ्य और नशा को लेकर एक रैली निकाली। जिसके बाद स्वयं सेवकों ने लोगों को स्वास्थ्य और नशे बारे सचेत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह और डॉ. राखी ने बताया कि शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्र के युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। जिससे वह अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ रहने और स्वच्छता के नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहें का आग्रह किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. करूणा ने विधार्थियों को प्रेरित करते उन्हें स्वयं स्वच्छ रहने कि प्रेरणा दी। उन्हें लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और नशे अभियान बारे ग्रामीणों को प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से रिंकू सिंह, प्रशांत, भूपेन्द्र सिंह ने अटल भू-जल योजना के बारे में जानकारी दी।

# जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव

- डीएवी कॉलेज में विश्व जल दिवस पर हुआ वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान वॉल पेंटिंग बनाती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग, ललित कला विभाग, सामाजिक विज्ञान विभाग व ईको क्लब प्रकृति व्याख्या केंद्र तथा हरित हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय शांति के लिए जल का उपयोग करना रहा। इस दौरान विभिन्न छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के द्वारा जल के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन जीवशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.सुनीता कौशिक व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.अनिता मोदगिल द्वारा किया गया।

**धर्मकर्म**

## श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

# श्रीमद्भावगत कथा में आचार्य ने श्रद्धालुओं को सुनाया श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग

सुदामा का भगवान श्रीकृष्ण ने बहुत सत्कार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कांसापुर में चल रही श्रीमद्भावगत कथा के सातवें दिन चित्रकूट धाम से आए आचार्य कमलेश शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का अमृत पान करवाया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। आचार्य कमलेश शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक सत्य समझ लीजिये। इस संसार में आपने अब तक जो भी कमाया है। वो सब यही रह जाना है। खाली हाथ जाना है लेकिन हमारे शात्र ऐसा कहते हैं। तुम्हारें पास जितनी लक्ष्मी है आयेगी-जाएगी। तुम्हारा शरीर हर एक दिन बदल रहा है। हर एक चीज यहां पर छूट जानी है। मात्र धर्म ही तुम्हारें साथ जाएगा और कोई तुम्हारें साथ नहीं जाएगा। इसलिए धर्म युक्त होकर जीवन का उद्देश्य बना लो।


**यमुनानगर।** कांसापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते आचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

**आश्रम में दोनों ने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी**

आचार्य ने श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा श्रोताओं को श्रवण कराई। उन्होंने कहा कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण था। वह और उसका परिवार अत्यंत गरीबी तथा दुर्दशा का जीवन व्यतीत कर रहा था। उसके मन में कई बार आत्महत्या करने का भी विचार आया। दुखी मन से वह कई बार अपनी पत्नी से भी अपने विचार व्यक्त किया करता था। उसकी पत्नी उसे दिलासा देती रहती थी। उसने सुदामा को एक बार अपने परम मित्र श्रीकृष्ण, जो उस समय द्वारका के राजा हुआ करते थे, की याद दिलाई। बचपन में सुदामा तथा श्रीकृष्ण एक साथ रहते थे तथा सांदीपन मुनि के आश्रम में दोनों ने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। सुदामा की पत्नी ने सुदामा को उनके पास जाने का आग्रह किया और कहा, गश्रीकृष्ण बहुत दयावान हैं, इसलिए वे हमारी सहायता अवश्य करेंगे। सुदामा ने संकोच-भरे स्वर में कहा श्रीकृष्ण एक पराक्रमी राजा हैं और मैं एक गरीब ब्राह्मण हूं। मैं कैसे उनके पास जाकर सहायता मांग सकता हूं। तब सुदामा की पत्नी ने पोटली में चावल देकर सुदामा को श्रीकृष्ण से मिलने के लिए भेजा। सुदामा के वहां जाने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उनका बहुत सत्कार किया। भोजन करते समय जब श्रीकृष्ण ने सुदामा से अपने लिए लाए गए उपहार के बारे में पूछा तो सुदामा लज्जित हो गया तथा अपनी मैली-सी पोटली में रखे चावलों को निकालने में संकोच करने लगा। परंतु श्रीकृष्ण ने वह पोटली सुदामा के हाथों से छीन ली तथा उन चावलों को बड़े चाव से खाने लगे।

# स्कूली बच्चों ने मनाई होली

- स्कूलों में हुआ होली पर कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में होली का पर्व मनाती छात्राएं।

अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में शुक्रवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। स्कूल की प्रिंसीपल आशा चौधरी ने कहा कि होली का पर्व अपने साथ अनेको खुशियां लेकर आता है। हमें अपने सभी त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। हमारे त्योहार हमारी महान सभ्यता का प्रतीक हैं। सभी धमार्ें के लोगों को होली का पर्व आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। जिससे हम समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा दे सकते है। एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। केजी से नर्सरी तक के बच्चों ने थंब पेंटिंग, बैलून रिकॉनाइजेशन, कार्ड मेकिंग व होली ट्री बनाया। वहीं पहली से 12वीं के बच्चों के लिए चार्ट मेकिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, वेस्ट मटेरियल का प्रयोग आदि का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### तकनीक से किसान कर रहे मुनाफे की खेती

शाहबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद मारकंडा के रसायन विज्ञान विभाग और एनसीसी यूनिट तथा धाकड़ हाइड्रोपोनिक्स हाईटेक नर्सरी रतलाम मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम एवं मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत ब्लैंडीड मोड में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर हाइड्रोपोनिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अरविंद धाकड़ संस्थापक धाकड़ हाईटेक नर्सरी मध्य प्रदेश रहे।।

### भ्रष्टाचारी देश का भला नहीं कर सकतेः गणेश

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य



व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि जात-पात व क्षेत्रवाद के साथ-साथ स्वार्थपूर्ण राजनीति ने देश की जडों को खोखला किया है। देश की जनता का ऐसे लोगों को जान चुकी है और उन्हें कभी भी आगे सत्ता नहीं सोंपने का मन बना चुकी हैं।

### गीता विद्या मंदिर में मनाया होली उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समस्त विद्यालय परिवार के भैया बहनों की सहभागिता रही। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर ने कहा कि सभी को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं आप सभी का जीवन सुख शांति और समृद्धि के सभी रंगों से परिपूर्ण हो ऐसी ईश्वर से कामना है।

### पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत 3 अप्रैल से

**लाडवा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रवक्ता स्वामी योगेशानंद जी महाराज ने बताया कि लाडवा के हिंदू हाई स्कूल परिसर में आगामी 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पांच दिवसीय श्री राम कथामृत का आयोजन प्रतिदिन सांय 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक किया जाएगा। स्वामी योगेशानंद जी महाराज ने बताया कि व्यास पीठ पर दिव्या गुरु आशुतोष की परम शिक्षा प्रज्ञा चक्षु साध्वी सुश्री सची भारती जी महाराज अपने मुखारविंद से श्री राम कथा पर प्रवचन करेंगी।

---

एप पर शिकायत के 100 मिनट के अंदर-अंदर निपटारा किया जाएगा

# चुनाव कार्यक्रमों पर सी-विजिल से रखी जाएगी सख्त निगरानी : शांतनु

आदर्श आचार संहिता लगने के बाद से ही जिला निर्वाचन आयोग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की एक-एक गतिविधि पर सी-विजिल एप के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। इस एप पर आम व्यक्ति भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित शिकायत दे सकता है। इस एप पर 24 घंटे 7 दिन चुनावों के दौरान शिकायत की जा सकती है। इतना ही नहीं इस एप पर फोटो, ऑडियो और वीडियो को अपलोड किया जा सकता है। अहम पहलू यह है कि एप पर शिकायत के 100 मिनट के अंदर-अंदर निपटारा किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग की तरफ से सी-विजिल एप तैयार की गई है। इस एप को अपने मोबाईल फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। इस बार एप पर फोटो को भी अपलोड किया जा सकेगा। इससे पहले एप पर ऑडियो और वीडियो को ही अपलोड करने की सुविधा थी। इस एप के बारे में एफएसटी, एसएसटी और संबंधित सभी टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और सभी के मोबाईल पर सी-विजिल एप को डाउनलोड किया जा चुका है। इस एप को आम नागरिकों के लिए, जिला चुनाव अधिकारियों के लिए, फील्ड में काम करने वाले अधिकारियों के लिए रिटर्निंग अधिकारी के लिए, आब्जर्वर के लिए, ईसीआई, सीईओ और डीईओ के लिए तैयार किया गया है। इन चुनावों में सभी अधिकारी इस सी-विजिल से जुडकर चुनावों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और कहीं पर भी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लघंना नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जब डीसीसी के शिकायत पहुंचेंगी तो वह 5 मिनट के अंदर फील्ड यूनिट को शिकायत वेरिफिकेशन के लिए भेजेगा, इसके बाद फील्ड स्टाफ 15 मिनट के अंदर वेन्यू पर पहुंचेगा और 30 मिनट के अंदर फील्ड स्टाफ शिकायत पर एक्शन लेने के बाद अपनी रिपोर्ट एप पर अपलोड करेगा। इस कार्रवाई के बाद रिटनिंग अधिकारी 50 मिनट के अंदर राज्य को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। इस प्रकार 100 मिनट के अंदर सभी कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाएगी।

### कंट्रोल रुम से लेकर अधिकारियों को हमेशा रहना होगा सजग

*चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि सी-विजिल एप पर की गई शिकायत सीधा 24 घंटे 7 दिन कार्यरत जिला नियंत्रण कक्ष (डीसीसी) के पास पहुंचेगी। इस कंट्रोल रुम से एफएसटी और एसएसटी टीमों को एप के जरिए शिकायत भेजी जाएगी। इस एप पर की गई शिकायत को 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाना जरुरी है। इसलिए कंट्रोल रुम से लेकर फील्ड स्टाफ तक सभी अधिकारियों को एक्टिव मोड में रहना होगा। इस जिले में 24 फ्लाईंग स्क्वायड टीम (एफएसटी), 24 स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), 24 वीडियो मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है और इन सभी टीमों के सदस्यों को सी-विजिल एप का प्रशिक्षण देकर मोबाइल पर एप को डाउनलोड करवा दिया गया है।*



उपायुक्त शांतनु शर्मा।

---

## शाहबाद विधानसभा में रैली, जनसभा के लिए स्थान किए निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद



कुरुक्षेत्र। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा

■ राजनैतिक दल व प्रत्याशी को रैली या रोड शो करने के लिए लेनी होगी प्रशासन से अनुमति

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ की हिदायत अनुसार राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए रैली, जनसभा, तथा फ्लेक्स-बैनर इत्यादि के लिए 12-शाहबाद के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक इत्यादि के लिए जगह निर्धारित की गई है। रैली इत्यादि के लिए स्थान उपलब्ध होने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी कम उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा राजनीतिक पार्टी को रैली, जनसभा की अनुमति सशर्त प्रदान की जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए 1 जगह निर्धारित की है, जिसमें नई अनाज मंडी शाहबाद को शामिल किया गया है। इन लोकसभा चुनावों में रैलियों का आयोजन करने से पहले एआरओ कम एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। इस विधानसभा के शहरी क्षेत्र में नई अनाज मंडी चौक लाडवा रोड शाहबाद, माता रुक्मणी राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौक बराड़ा रोड शाहबाद, लैंडमार्क अस्पताल के पीछे लाडवा रोड शाहबाद व डेहा कॉलोनी के सामने बराडा रोड शाहबाद पर फ्लेक्स व बैनर लगा सकते हैं।

---

## आप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अशोक अरोड़ा।

■ इलेक्ट्रोल बॉंड से ध्यान हटाने के लिए की गई है सीएम अरविंद केजरीवानल की गिरफ्तारी

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि इलेक्ट्रोल बॉंड के रूप में हजारों करोड़ रूपए की वसूली करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी बेनकाब हो चुकी है। इस घोटाले से जनता का ध्यान बांटने के लिए ही दिल्ली के मुख्यमँत्री अरविंद केजरीवाल को अलौकतांत्रिक ढंग से रात के अंधेरे में गिरफ्तार किया गया। उन्होने केजरीवाल की गिरफ्तारी की कडी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जनतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र में केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमँत्री नायब सिंह के निवास के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकताअरं पर लाठीचार्ज करने व पानी की बौछारें करने की अशोक अरोड़ा ने कडी निंदा की। उन्होने कहा कि आज देश में विपक्षी नेताओं को डराने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। कोई भी विपक्षी नेता सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करता है तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। विरोध करने पर लोगों पर लाठियां भांजी जाती हैं। उन्होने आरोप लगाया कि कुरुक्षेत्र में महिला कार्यकताअरं पर पुरुष पुलिस कर्मियों ने लाठियां भांजी और प्रदेश की बेटियों का अपमान किया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा चुनाव में अपनी हार देखकर बौखला गई है। इसलिए घटिया हरकतों पर उतर आई है। भाजपा सरकार देश के विपक्ष को खत्म करना चाहती है। सरकार द्वारा की जा रही ज्यादतियों की हद हो चुकी है। देश को आजाद करवाते समय जनता ने सोचा था कि आजादी के बाद अपना देश होगा अपना संविधान होगा लेकिन भाजपा सरकार ने तो बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को पांव तले रौंद दिया है। अरोड़ा ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। भाजपा का चेहरा बेनकाब हो चुका है। देश के जिन बडे बडे उद्योगपतियों और कंपनियों से इलेक्ट्रोल बॉंड के रूप में जो वसूली की गई। उन कंपनियों और उद्योगपतियों को चंदे के बदले नाजायब लाभ दिया गया। इसका भांडाफोड होने के डर से ही केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। देश की जनता सब देख रही है और आने वाले चुनाव में जनता इसका मुंहतोड जवाब देगी। भाजपा का सूपडा साफ होगा देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और उसके बाद हरियाणा विस चुनाव में भी भाजपा की करारी हार होगी और कांग्रेस की सरकार बनेगी।

---

## बढ़ता कोलेस्ट्राल बन रहा हार्ट अटैक का कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद



कुरुक्षेत्र। डा. अंकुश सिंह

■ हार्ट सर्जरी और हृदय रोगियों के लिए आदेश की कार्डियक टीम वरदान

लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में कईं वर्षों तक बतौर हार्ट सर्जन तैनात रहे डा. अंकुश सिंह अब मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में हृदय रोगियों को सेवाएं दे रहे हैं। अनुभवी हार्ट सर्जन मिलने से आदेश अस्पताल की कार्डियक विभाग में एक नया अनुभव जुड़ गया है। पत्रकारों से बातचीत में हार्ट सर्जन डा. अंकुश सिंह ने कहा कि यह हरियाणा के कईं जिलों के लिए गर्व की बात है कि शाहाबाद के मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल में बाईपास सर्जरी, ओपन व स्टेंट, धमनीविस्फार, जन्म से हृदय में छेद की सर्जरी, खून की नसों के आप्रेशन में बाईपास सर्जरी की जा रही है और यहां का कार्डियक विभाग पूरी तरह से नयी तकनीक व अत्याधुनिक मशीनों व उपकरणों से सुसज्जित है। डा. अंकुश सिंह ने बताया कि इसके अलावा फेफड़ों की सर्जरी भी की जा रही है। डा. अंकुश सिंह ने कहा कि शरीर के अंदर कोलेस्ट्राल की अधिक मात्रा एक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। बढ़ रहा कोलेस्ट्राल हृदय रोग व हार्ट अटैक का भी कारण बन सकता है। इसलिए समय-समय पर कोलेस्ट्राल की जांच भी करवाएं और अगर इसकी मात्रा उच्च है तो समय रहते इसका उपचार करवाएं। डा. अंकुश सिंह ने कहा कि हार्ट इंसान के शरीर का सबसे कोमल हिस्सा है इसलिए इसे तुदरूस्त रखने के लिए सही खान-पान जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीपी की अधिक समस्या होने पर सम्बंधित व्यक्ति को हृदय की संपूर्ण जांच ईसीजी, इको, टीएमटी अवश्य करवानी चाहिए। इसके अलावा तली व घी से बनी खाद्य वस्तुओं का कम सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग अपने स्वास्थय के प्रति लापरवाही बतरने लगे हैं जो बड़ा कारण हैं।

---

### कृष्ण जन्म की कथा का किया सुंदर वर्णन

**कुरुक्षेत्र।** होली के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में श्रीगौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का रसपान करवाया। सभी भक्तों ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव गाजे बाजे के साथ बहुत धूमधाम से मनाया। कथावाचक अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। अनिल शास्त्री ने बताया कि राम को जो संस्कार मिले थे। वह अपने माता पिता से ही ।मिले थे। आज के युग मे आधुनिकता की चकाचोध मे बच्चे अपने संस्कार खो रहे है। माँ ही है जो उनमे संस्कार जीवित रख सकती है।

---

## नि:शुल्क कैंप में की स्वास्थ्य की जांच

■ नियमित योग और व्यायाम करने से मिलेगा ज्यादा फायदा : डॉ. अनेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कैंप में चेकपअ करते डॉ. आशीष अनेजा। *फोटो : हरिभूमि*

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में शुक्रवार को डॉ. जैन न्यूरोकेयर अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। चिकित्सकों की संस्था गैपिओ एवं आरएसएसडीआई के सदस्य और हेल्थ सेंटर के प्रशासक एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने टीम का नेतृत्व करते हुए शिविर की शुरूआत की। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक व अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश साहनी पहुंचे और स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान बीपी, ब्लड शुगर के अलावा, न्यूरोपैथी, बीएमडी, लीवर स्कैन, ईसीजी तथा स्पिरोमेट्री सहित कई प्रकार के महंगे टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। नसों की समस्या, सर्वाइकल पेन तथा ब्रेन एवं स्पाइनल पीड़ा के रोगियों का डॉ. हिमांशु जैन ने उपचार किया। शिविर में मरीजों की जांच के साथ मुफ़्त दवाईयां भी वितरित की गई।

---

## खाटू श्याम बाबा के गूजेंगे जयकारे

■ नियमित योग और व्यायाम करने से मिलेगा ज्यादा फायदा : डॉ. अनेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



अनाज मंडी उत्सव स्थल पर कार्यक्रम कि जानकारी देते समिति के पदाधिकारी।

आज दिन शनिवार को पिहोवा नगरी में बाबा श्याम का भव्य जागरण होगा और शहर की गलियों से होते हुए विशाल निशान यात्रा निकलेगी। जागरण को लेकर कई दिन से श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा तैयारियां चल रही थी। समिति के संरक्षक संदीप गर्ग और प्रधान संदीप सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम कि अभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि श्याम परिवार द्वारा एक विशाल पैदल निशान यात्रा शहर से गुजरती हुई बाबा के पंडाल तक पहुंचेगी। जिसमे सैकड़ों महिलाएं हिस्सा लगीं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने अवश्य पहुंचें। खाटू श्याम हारे का सहारा है जो सभी कि मनोकामनाएं पूरी करते हैं। समिति के कोषाध्यक्ष सुमित ने जानकारी दी कि जागरण मे अति परम विशिष्ठ अतिथि के तौर पर राज्यमंत्री संदीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि शिरकत करेंगें। सेसंज पेपर मिल से प्रदीप सैनी और हरि सैनी ज्योति प्रचंड करेंगे।

---

### शिविर लगाकर डीएलएसए लोगों को करेगा जागरुक

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 मार्च से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरूकता शिविरों का आयोजन 31 मार्च तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिंद्र कौर द्वारा गांव ढेरु माजरा में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए।

---

## निबंध में छात्र अंशुल पांचाल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते प्राचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

भगवान परशुराम कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय समाज की ज्वलंत चुनौतियां पर था जिसमें समाज में विकलांग महिलाओं की दशा दिशा व चुनौतियां नई शिक्षा प्रणाली बाजार वाद व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विस्तार से बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंशुल पांचाल ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा बलजिंदर कौर ने द्वितीय स्थान और बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र कृष्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ. रमा शर्मा एवं डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने निभाई। इस अवसर पर हिंदी विभाग के डॉ. प्रवीण शर्मा व डॉ. सरिता राय ने इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। यहां डॉ. नंदकिशोर, डॉ. रमा शर्मा, मालविका शर्मा, प्रोफेसर वासव दत्ता व डॉ. सुषमा वशिष्ठ रहे।

---

### पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत 3 अप्रैल से

**लाडवा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रवक्ता स्वामी योगेशानंद जी महाराज ने बताया कि लाडवा के हिंदू हाई स्कूल परिसर में आगामी 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पांच दिवसीय श्री राम कथामृत का आयोजन प्रतिदिन सांय 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक किया जाएगा। स्वामी योगेशानंद जी महाराज ने बताया कि व्यास पीठ पर दिव्या गुरु आशुतोष की परम शिक्षा प्रज्ञा चक्षु साध्वी सुश्री सची भारती जी महाराज अपने मुखारविंद से श्री राम कथा पर प्रवचन करेंगी। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा से पूर्व 2 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे कथा स्थल से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

---

## उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. घुम्मन सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद



**शाहबाद।** अवार्ड प्राप्त करते डा. आरएस घुम्मन।

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन को एडुलिडर्स अवॉड्र्स के तहत प्रिंसीपल ऑफ द ईयर 2024 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उनको यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन चंडीगढ़ की तरफ से दिया गया। डॉ. घुम्मन 40 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए है और उनके द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थी आज आइएएस, डॉक्टर, इंजीनियर जैसे बड़े पदों पर कार्य कर रहे हैं। यह अवॉर्ड उन्हे शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। शिक्षा के आलावा डॉ. घुम्मन समाज सेवी संस्थाओं के साथ भी जुड़े हुए है जिनमें वे अपनी सक्रिय भूमिका द्वारा समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी का वहन कर रहे है। उन्होंने यह अवॉर्ड अपने परिवार जन, स्कूल के विद्यार्थियों, अध्यापकों और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को समर्पित किया।

---

### हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में रंगोत्सव होली त्यौहार की पूर्व संध्या पर होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति एवं गौशाला की भजन मंडली ने श्याम के भजनों के माध्यम से विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण वातावरण को कृष्णमय बना दिया। मैं नचना श्याम दे नाल भजन पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं खूब झूमें। इसके साथ ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अबीर-गुलाल और फूलों के संग होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विवि परिवार को होली एवं वसंतोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

---

शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : रजवंत कौर

## शहीदी दिवस पर रक्तदान कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करती मुख्यातिथि कुंटिया प्रधान रजवंत कौर। *फोटो : हरिभूमि*

शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग कल्ब में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 46 युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को नमन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, विशिष्ट अतिथि माया चेरिटेबल की अध्यक्षा सीमा सिंह, भारत भूषण, सुभाष जांगड़ा, फकीर चंद रंगा ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अतिथियों का शिविर में पधारने पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उप प्रधान कर्मवीर सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला अध्यक्ष पुनीत सेतिया ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुंटिया प्रधान रजवंत कौर ने कहा कि आजादी के दीवानों के इस बलिदान को हम कभी भूल नहीं सकते। स्वतंत्रता के नायकों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर देशवासियों में वैचारिक क्रांतिकारी शंखनाद किया ताकि देश आजाद हो सके और भारतवासी एक स्वतंत्र और सम्मानजनक जीवन जी सकें। विशिष्ट अतिथि सीमा सिंह ने कहा कि रक्त की आवश्यकता सभी को होती है। दानदाताओं द्वारा दिया जाने वाला रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को इस सोच के साथ आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में रामेश्वर सैनी ने 46वीं बार, नरेश ढीगड़ा ने 49वीं बार और जयकिशन व उनके पुत्र लविश ने भी रक्तदान किया। समिति के संरक्षक नरेश सैनी ने कहा कि महान अमर सपूत एंव बलिदानी भगत सिंह के नाम के स्मरण मात्र से ही प्रत्येक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है तथा उनके प्रति श्रद्धा व आदर भाव से मन नतमस्तक हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने शक्ति का अर्थ कभी हिंसा नहीं माना। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि 18 साल से ज्यादा की उम्र का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिनका वजन 50 किलो से ज्यादा हो, रक्तदान करते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता हैं।

## खबर संक्षेप

### शैमरॉक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**बराड़ा।** शैमरॉक विद्यालय के प्रांगण में ''ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नन्हें सितारो को विदाई पार्टी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देना था। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ज्ञानचन्द जैन (समाजसेवी),पुष्पा और ब्रह्म कुमारी दीदी सविता व दीदी चेतना जी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत सैपलिंग देकर किया गया।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**जींद।** गांव झांज कला के निकट तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपती घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घोघडिया निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसकी पत्नी पूजा को बाइक पर लेकर शहर में आ रहा था।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**गुहला चीका।** उपमंडल के गांव हरिगढ़ किंगन में हुई एक सड़क दुर्घटना में जग्गू नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक युवक हरिगढ़ गांव का ही रहने वाला था बाइक वाली जुगाड़ गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था और इसी दौरान सड़क दुर्घटना के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्करी कर शराब ले जा रही बोलेरो गाड़ी पकड़ी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव लुदाना के निकट बोलेरो गाड़ी को काबू कर उसमें से चार पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने पकडे.गए गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मोरखी की तरफ से बोलेरो गाड़ी में शराब को तस्करी कर गांव लुदाना की तरफ लाया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

**कैथल।** राजौंद में मोटरसाइकिल चालक ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजौंद निवासी 89 वर्षीय शीला देवी ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 मार्च को सुबह के समय वह कस्बे के मुख्य मार्ग से जा रही थी। सागर नामक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते उसे टक्कर मार दी।

### पाई में नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

**पाई।** पाई में 28- 29 मार्च को दो दिवसीय नेशनल कबड्डी स्पर्धा होगी। डीपी दिलबाग ने बताया कि प्रतियोगिता में बड़ी-बड़ी टीमें भाग लेंगी। बताया कि 28 को 57 किलो वर्ग की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रवेश शुल्क 200 रुपये होगा। प्रथम टीम को 11 हजार , द्वितीय को 7100 रुपये तथा तृतीय व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 2100- 2100 रुपये दिए जाएंगे।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को मेयर ने सुभाष पार्क की करवाई सैर, गुलाल लगाकर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। होली को लेकर एक बुजुर्ग के माथे पर गुलाल लगाते हुए मेयर शक्ति रानी शर्मा।

मेयर शक्तिरानी शर्मा ने वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ किए गए वायदे को पूरा किया। सभी बुजुर्गों को उनकी ओर से अंबाला कैंट में बने सुभाष पार्क की सैर करवाई। इस दौरान मेयर शक्तिरानी शर्मा बस के माध्यम से सभी बुजुर्गों को लेकर सुभाष पार्क पहुंची और रंगारंग कार्यक्रम के साथ बुजुर्गों के साथ मिलकर होली का त्यौहार मनाया। मेयर ने बुजुर्गों को तिलक करते हुए होली की बधाई दी। बुजुर्गों ने भी भजन, संगीत और अपनी कला दिखाते हुए खूब मस्ती की। इस दौरान बुजुर्गों ने कई गेम खेली है। विजेताओं को शक्तिरानी शर्मा की तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सुभाष पार्क में करीब दो घंटे बिताने के बाद शर्मा ने एक निजी रेस्टोरेंट में सभी को लंच करवाया। मेयर ने उन सभी बुजुर्गों को सहारा दिया जोकि ठीक से चल नहीं पा रहे थे। लंच के समय भी बुजुर्गों की सेवा करती नजर आई। शर्मा ने कहा कि वह कई बार वृद्धाश्रम में जाकर कार्यक्रम कर चुकी है। इससे पहले जब वह वृद्धाश्रम गई थी तो उस समय बुजुर्गों से वायदा किया था कि उन्हें पिकनिक पर लेकर जाएगी। इसके बाद होली का त्यौहार आया। वह बुजुर्गों को सुभाष पार्क में घुमाने लेकर आई हैं। शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों के साथ समय बिताकर अच्छा लगा और वह भी बहुत खुश नजर आए। दिल चाहता है कि बार बार मुलाकात करती रहूं और उनके साथ समय बिताए। एक सवाल का जवाब देते हुए शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि अपनों से दूर होने का दुख सभी के चेहरें पर दिखाई दे रहा था। सभी ने मेयर का धन्यवाद किया, क्योंकि वह लंबे समय के बाद ऐसे कहीं बाहर घुमने आए हैं। इस अवसर पर निगम सदस्य राजेंद्र कौर, बृजलाल सिंगला, सेक्टर-10 प्रधान कमल सिंगला, वीके शर्मा, एसपी भनोट, नीना शर्मा, रंजू अग्रवाल, रविंद्र सौंडा, डिंपल मलिक, मंथन, वरदान, राजू, अंकित, प्रिंस, कमल, विनय बक्शी, मनीष वर्मा आदि रहे।

## जीएमएन कॉलेज में शिक्षकों ने खेली होली



अंबाला। कॉलेज में शिक्षकों के साथ होली खेलते हुए प्राचार्य।

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में में शुक्रवार को शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच होली उत्सव का आयोजन किया गया ।इस उत्सव में सभी कर्मचारियों सहित कालेज के सभी विभागों के प्राध्यापकों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य ने खुद भी सभी के साथ मिलकर होली खेली और सामाजिक मिलनसार माहौल की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि होली एक महत्वपूर्ण पर्व है जो समाज में खुशी और मित्रता का संदेश लेकर आती है ।इस उत्सव के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच एकता और अपनत्व का भाव बढ़ाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्टाफ सदस्यों के लिए विशेष लंच की व्यवस्था की गई थी ।प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है। इस दिन सभी गिले शिकवे भुलाकर सच्चे दिल से एक दूसरे को अपनाना चाहिए। इससे सद्भावपूर्ण माहौल बनता है और रिश्तो को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर डॉ. सीमा कंसल, डॉ. केके पूनिया ,डॉ.एसएस नैन, डॉ. पांडे ,डॉ.बृजेश ,डॉ राकेश कुमार ,डॉ अनुराधा ,कमलेश, डॉ. ज्योति ,डॉ. राजेंद्र देशवाल , मंजीत कौर सहित कालेज के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के सदस्य मौजूद रहे।

### कैश व शराब के साथ नशीले पदार्थों पर रहेगी नजर

# लोकसभा चुनावः पड़ोसी राज्यों से जुड़ी सीमाओं की नाकाबंदी

हर रैली व रोड शो की करवाई जाएगी वीडियोग्राफी, भडकाउ ब्यान व गलत भाषा का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। चुनाव ड्यूटी अधिकारियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिर्ण व निष्पक्ष करवाने में कर्मचारियों व अधिकारियों की अहम भूमिका होती हैं। उन्होंने चुनावी ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को ईमानदारी व निष्ठा से काम करने का आहवान किया है। डॉ. शालीन शुक्रवार को कृषि सदन में स्टैटिक सर्विसलांस , फलाइंग स्कवॉयड, वीडियो सर्विसलांस व वीडियो ब्यूइंग टीम के साथ-साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत सभी टीमें फील्ड में ड्यूटी पर रहेंगी। वह चुनाव से सम्बधिंत हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। चुनाव को निष्पक्ष, बिना प्रलोभन व पारदर्शिता तरीके से करवाने के लिए सीमा के तहत इंटर स्टेट सात जगहों पर नाके लगाए गए हैं। सभी टीमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ सुबह व शाम के तहत निर्धारित शैड्यूल अनुसार ड्यूटी करेंगी। इस दौरान वह गाडियों की चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगी। जरूरत से ज्यादा कैश, शराब, नशे से संबंधित सामान की जांच की जाएगी। इसकी बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

इसके साथ-साथ इस टीम को एक रजिस्टर भी उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें यह जो भी कार्रवाई को अंकित करेंगे। उसकी रिपोर्ट जिला चुनाव कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एआरओ व एईआरओ भी निरीक्षण करते हुए अपनी रिपोर्ट देंगे। ड्यूटी अधिकारी का पंजीकृत मोबाईल की लोकेशन को बंद नहीं करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने फ्लाइंग स्कवॉयड टीम के विषय पर बताया कि इसके तहत 24 टीमें गठित की गई हैं।

विधानसभा वाइज छह-छह टीमें सुबह व शाम के समय शेडयूल अनुसार अपनी ड्यूटी करेंगी। चौक चौराहे पर चस्पाई गई प्रचार सामग्री को हटवाया जाएगा। उसकी वीडियोग्राफी करते हुए उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम में देगें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह की जनसभा व रोड शो के साथ-साथ अन्य की आरओ व एआरओ से परमिशन लेनी होगी। यदि कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता की उलघंना पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान भी है। रैली, जनसभा, रोड शो की हर गतिविधि की वीडियोग्राफी की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम यश जालुका, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार के साथ-साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहे।

## लक्कड़ बाजार से लकड़ी उठाने पर हंगामा

- नगर परिषद कर्मियों से उलझे व्यापारी
- विवाद बढ़ने पर कांग्रेस नेत्री चित्रा ने एसडीएम से की मुलाकात, समस्या के समाधान के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एसडीएम से मुलाकात करती चित्रा।

लक्कड़ बाजार से जबरन लकड़ी उठाए जाने को लेकर शुक्रवार को हंगामा हो गया। बाजार के कारोबारियों ने नगर परिषद की इस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। विरोध के दौरान ही कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों से मुलाकात कर कार्रवाई पर ऐतराज जताया। इसके बाद अधिकारियों ने कार्रवाई रोक दी। दरअसल शुक्रवार को नगर परिषद अधिकारियों के आदेश पर कर्मियों ने लक्कड़ बाजार में बाहर पड़ी लड़की को जबरन उठाकर ट्रॉलियों में लादना शुरू कर दिया। इसी बात पर लक्कड़ कारोबारी कर्मियों से उलझ गए। कार्रवाई का विरोध होने पर मामला बिगड़ गया। मामले की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा भी मौके पर पहुंच गई। चित्रा ने नगर परिषद के अधिकारियों को कहा की ये 1947 से पहले की लक्कड़ मंडी है। इनको उचित जगह बनाकर दो फिर अगर कोई सामान बाहर रखता है तो अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को बेवजह तंग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा की इनका समान आता है बोली होने के बाद उठ जाता है इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### सीआईए ने मारा छापा लकड़ियों के ढेर में छुपा रखा था गांजा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने छापेमारी कर गांव धमतान साहिब मंदिर के साथ प्लाट में लकड़ियों के बीच छुपा कर रखे गए एक किलो 300 ग्राम गांजापत्ति को बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी सुनीता नशीले पदार्थ बचने का कार्य करती है। पूर्व में भी सुनीता के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। सुनीता ने मंदिर की दिवार के साथ अपने प्लाट में लकड़ियों के ढेर में नशीला पदार्थ छुपाया हुआ है।

## केजरीवाल अपने वोट बैंक के लिए कुछ भी कर सकते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



राज्यमंत्री असीम गोयल।

प्रदेश के राज्यमंत्री असीम गोयल ने दिल्ली शराब घोटाले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कड़ा बयान दिया है। उन्होंने केजरीवाल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर वे सच्चे होते तो ये ईडी के पहले नोटिस पर ही पेश हो जाते। ईडी ने केजरीवाल को कई नोटिस दिए लेकिन ये पेश नहीं हुए। गोयल ने कहा कि केजरीवाल यदि सच्चे हैं तो अपनी बेगुनाही के सबूत दिखाएं और उसे साबित करें। केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि ये अपने वोट बैंक को बचाने के किये देश की सुरक्षा को भी गिरवी रख सकते हैं। गोयल ने कहा कि अगर केजरीवाल फर्जीवाल नहीं हैं तो कोर्ट में अपनी बेगुनाही साबित करें। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राहुल गांधी ने भी सवाल खड़े किए हैं।इसको लेकर राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि राहुल गांधी से अगर इंडी गठबंधन के घटक दलों के नाम पूछ लिए जाएं तो वो 3 से ज्यादा नाम नहीं बता पाएंगे।

## राजनीतिक द्वेष के चलते हो रही है एकतरफा कार्रवाई : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



विधायक वरूण चौधरी।

विधायक वरुण चौधरी ने सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर प्रतिक्रिया की है। उन्होंने इसे पूरी तरह गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया। विधायक ने कहा कि पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। चौधरी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है।

### एनसीसी यूनिट ने छात्राओं को जल का महत्व बताया

**अंबाला।** आर्य गर्ल्ज कॉलेज में जल संरक्षण सैल तथा एनसीसी यूनिट के द्वारा मनाया गया जिसके तहत छात्राओं को जल का महत्व बताया गया तथा इसे संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी तथा एनसीसी यूनिट की इंचार्ज डॉ. पंकज धांगड़ ने बताया कि पहली बार विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया था तथा इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षित करने हेतु जागरूक करना है। प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने बताया कि जल हमारे स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा तथा वनस्पति के विकास के लिए बेहद जरूरी है।

## दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र का गला घोट रही है भाजपा

- कांग्रेस के खाते फ्रिज करना, विपक्षी मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भाजपा की निराशा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कांग्रेस नीतियों का प्रचार करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व अन्य।

कांग्रेस नेता निर्मल सिंह ने शुक्रवार को अंबाला शहर के नाहन हाउस व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत एक डोर टू डोर कार्यक्रम से की। इसी कड़ी में छावनी में कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने छावनी के कच्चा बाजार बलदेव डेरी चौक व आस पास के इलाकों में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की। इस अवसर पर निर्मल सिंह ने कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए इस पूरी प्रक्रिया को गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया।

निर्मल सिंह ने कहा कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। निर्मल सिंह ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है। चित्रा ने कहा कि चुनावी चंदे के लेन-देन में अपारदर्शिता, कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई के विरुद्ध तमाम लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का ह्रास, देश के लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है।

### मोटे ब्याज का झांसा दे लगाया साढ़े 12 लाख का चूना, केस

**सफीदों।** उधार राशि पर माटे ब्याज का झांसा देकर लगभग साढे 12 लाख रुपये का चूना एक व्यक्ति को लगाए जाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच रही है। सीता श्याम निवासी हितेष वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नजफगढ़ दिल्ली निवासी कुसाग गर्ग सफीदों में मोबाइल का कारोबार करता था। आरोपित ने उसके साथ दोस्ती को बढाया और विश्वास में ले लिया। कुसाग ने बताया की वह थौक में मोबाइल खरीदता है। जिसमें उसे अच्छा मुनाफा होता है। जिसके लिए उसे राशि का जरूरत है। वह एक लाख रुपये देने पर उसे 30 दिन मे पांच हजार ब्याज देगा। जिस पर उसने कुसाग को 79 हजार रुपये दिए तो उसने एक माह बाद चार हजार रुपये दिए। जिस पर उसका विश्वास ओर पक्का हो गया। जिसके चलते उसकी 12 लाख 63 हजार की राशि कुसाग के पास चली गई। आरोपित ने उसकी ब्याज राशी नहीं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पर्यावरण को बचाने के लिए मिलकर करना होगा प्रयास, कम होते वनों पर जताई चिंता

# पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता में अल्पना ने मारी बाजी

- पोस्टर मेकिंग में सौम्या अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पॉवर प्वाइंट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र शिक्षकों के साथ।

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने अपने भाषण में वनों और संसाधनों के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि यदि हमें अपने पर्यावरण को बचाना है तो हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए शुरुआत स्थानीय स्तर से की जानी चाहिए। इसके बाद भूगोल विभाग के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरएस. परमार ने विभिन्न कालेजों से आए प्रतिभागियों और उनके अध्यापकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वन दिवस को समर्पित है। इसमें पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति और पोस्टर मेकिंग द्वारा पर्यावरण से संबंधित सुझाए गए विषयों पर ही प्रतिभागियों ने अपने विचार और कला का प्रदर्शन करना है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश से लगभग 22 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों और पोस्टर कला कृतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वनों के पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ, सतत पोषण विकास, संसाधनो का सदुपयोग और संरक्षण आदि विषयों पर अपने विचार और भाव प्रकट किये। मंच संचालन कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. नरेंद्र कुमार और कार्यक्रम की सेक्रेटरी प्रो. महक ने किया। पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति में डॉ. गणेशदास डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करनाल की अल्पना ने बाजी मारी। डीएवी कॉलेज अंबाला शहर के अमन को दूसरा व सीआर कालेज हिसार के योगेश को तीसरा स्थान मिला। डीएवी कॉलेज अंबाला शहर की पलक को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीआर कॉलेज हिसार के सौम्या ने हासिल किया। द्वितीय स्थान राजकीय कन्या महाविद्यालय अंबाला शहर की ज्योति ने तृतीय स्थान डॉ. गणेश दास डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करनाल की मधु ने और सांत्वना पुरस्कार आरकेएसडी कॉलेज कैथल के मुकेश ने प्राप्त किया । सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में प्राचार्य के साथ भूगोल विभाग के प्राध्यापकों और अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के निर्णायक मंडल में डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. शिवानी डावर और डॉ. प्रियंका चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।